## Headline

1. Russia Coup : वैगनर ग्रुप ने रूस के रोस्तोव शहर पर किया कब्जा, सेना और प्रिगोझिन के लड़ाकों में लड़ाई शुरू
2. विपक्ष की बैठक: 'लालू के मुंह में चारा' वाले बालासाहेब के बयान से उद्धव पर BJP का हमला, पिता के अपमान का आरोप

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 345 | इंदौर, शनिवार 24 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# बिपरजॉय कमजोर, प्री-मानसून एक्टिव

## पूरे प्रदेश में बारिश का दौर : इंदौर, भोपाल, रायसेन, सीहोर-राजगढ़ में हैवी रेन का अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में बिपरजॉय तूफान कमजोर हो गया है, लेकिन प्री-मानसूनी एक्टिविटी बढ़ गई है। शुक्रवार को आधे प्रदेश में बारिश हुई थी। ऐसा ही मौसम शनिवार को भी बना रहेगा। भोपाल, रायसेन, सीहोर और राजगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट है।**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि शनिवार को प्रदेशभर में बारिश का दौर बना रहेगा। वहीं, रविवार को रायसेन, सीहोर, गुना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनूपपुर में भारी बारिश हो सकती है। यहां 2-3 इंच या इससे ज्यादा बारिश का अनुमान है।

### ● इस वजह से बारिश

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि बिपरजॉय का असर कमजोर हुआ है। अब वह उतना एक्टिव नहीं है। फिर भी यह बारिश करा रहा है। दूसरी ओर, ओडिशा और पश्चिमी बंगाल के बाद चक्रवाती हवाओं का घेरा है, जो आगे की ओर बढ़ेगा। इस कारण मानसून की एक्टिविटी बढ़ गई है।

बारिश की वजह से टेम्प्रेचर में भी गिरावट हुई। पचमढ़ी में तो 6 डिग्री तक पारे में गिरावट हुई और यह रात से भी ठंडा रहा। गुरुवार को पचमढ़ी में दिन का तापमान 29.5 डिग्री था। शुक्रवार को यह 23.5 डिग्री रहा। वहीं रात का पारा 23.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

वहीं, सिवनी में 25.4, सागर में 26.6, मंडला में 27, मलाजखंड में 27.8, दमोह में 28, रायसेन में 28, उज्जैन में 28.5, गुना में 29.5 और शिवपुरी में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, भोपाल में 31, इंदौर में 31.4, ग्वालियर में 36.4 और जबलपुर में तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



### इंदौर में पूरी रात बारिश, सडकें लबालब, कई इलाकों में बिजली गुल रही

इस बार मानसून में अभी देर है लेकिन गुरुवार के बाद शुक्रवार को फिर बारिश का दौर शुरू हो गया। शुक्रवार रात करीब 8 बजे शुरू हुई बारिश का दौर सुबह 8 बजे के बाद भी जारी रहा। देर रात कई इलाकों में बिजली गुल हुई तो कई इलाकों में आती-जाती रही। सडकें, मैदान, नाले पानी से लबालब हो गए। शनिवार सुबह स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इंदौर में 24 घंटे में 67.4 मिमी दर्ज की गई है जबकि इस सीजन की अब तक 76.7 मिमी रिकॉर्ड हुई है। शुक्रवार दोपहर पर कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई लेकिन शाम 5.30 बजे से रिमझिम बारिश होने लगी। पहले तो यह शहर के अलग-अलग हिस्सों में होती रही। फिर रात 8 बजे बाद तेज हो गई और रातभर जारी रही। इस दौरान सडकें लबालब हो गई तो कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। मौसम विभाग ने अभी एकाध हफ्ते इसी तरह का मौसम रहने के आसार जताए हैं। यह इस मौसम खासकर जून माह की सबसे अच्छी बारिश हुई है। इस माह में यह चौथी बार पानी बरसा है जबकि मानसून को आने में अभी 8 दिन बाकी हैं।

### यहां भराया पानी

बारिश का दौर ऐसा रहा कि लोगों को रेनकोट व छाते निकालने पड़े। हमेशा की तरह बीआरटीएस पर लबालब पानी भर गया। इसी प्रकार एलआईजी चौराहा, पलासिया, राजीव गांधी चौराहा, नेहरू नगर नौ नंबर रोड (थाने के सामने), मालवा मिल, भमोरी, हुकुमचंद घंटाघर, ट्रांसपोर्ट नगर सहित कई इलाकों में पानी भर गया। इस दौरान कुछ लोगों के दोपहिया वाहनों में भी पानी भर गया। बारिश का यह सिलसिला पूर्वी व पश्चिम क्षेत्रों में कम-ज्यादा होता रहा। रात 2 बजे बाद भी अच्छी बारिश हुई।

### तापमान में आई गिरावट

इसके पर्व गुरवार को 6.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके सहित जून माह में तब तक कुल 9.3 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। मौसम में हुए परिवर्तन से दिन का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2 डिग्री कम था। इसी तरह रात का न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक था। शुक्रवार को दिनभर बादल छाए रहे और शाम को बारिश शुरू हुई। शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। इसी तरह रात का न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। शुक्रवार शाम से रुक-रुककर हो रही बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार 24 घंटे में आधा इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई।

### बिजली कंपनी की टीमें जुटी

इसके तीन दिन पर्व मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की बैठक में मातहतों को निर्देश दिए थे कि तेज वर्षा, आंधी के कारण अवरोध आता है, तो टीम वर्क किया जाए। इससे काम कम अवधि में पूर्ण होगा, शिकायतों में कमी आएगी। तेज आंधी के कारण देहात में यदि पोल टूटे तो समय पर बदले जाएं। इसके बाद शुक्रवार से शुरू हुई बारिश से 11केवी लाइनों के 525 फीडरों में से 7 फीडरों से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। तेजी से गिरते पानी के बाद भी की बिजली कर्मचारी ट्रांसफार्मर, पोल, फीडरों के कार्यों में डटे रहे। प्रभावित क्षेत्रों में से 5 फीडर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था करीब एक से सवा घंटे में बहाल की गई। दो फीडर दो घंटे में सामान्य हुए। शेष एक पर रात 11.30 पर पानी गिरने के बावजूद सुधार कार्य चल रहा हैं। व्यक्तिगत शिकायतों 150 फ्यूज ऑफ कॉल (एफओसी) का जोन की टीमों ने भी समाधान किया। गुरुवार को 12 दिनों के गेप के बाद हुई बारिश ने तत्काल ठण्डक जरूर दी थी लेकिन फिर बारिश थमते ही दिन में उमस तेजी से बढ़ी है जिसने लोगों को हलाकान कर दिया। हालांकि रात का तापमान कम होने के साथ अलसुबह ठण्डी हवा भी रही लेकिन शुक्रवार सुबह से ही बादल छाये हुए थे। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया था अभी जिस प्रकार प्री मानसून का सिस्टम बना हुआ है उससे शुक्रवार को भी बारिश होगी तथा यह दौर सतत चलेगा। इसके बाद शुक्रवार शाम रिमझिम से सिलसिला शुरू हो गया।

# पीएम आवास योजना के तहत बने दलितों के घर पर चला बुलडोजर

## दिग्विजय और मायावती ने साधा निशाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर में 7 दलितों का घर तोड़ने का मुद्दा तूल पकड़ता दिख रहा है। पीएम आवास योजना के तहत बने घरों पर बुलडोजर चलाने के बाद राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मौके पर धरना देने पहुंच गए तब दलितों को केंद्र में रखकर राजनीति करने वाली बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने भी शिवराज सरकार पर निशाना साधा है। वहीं, गृहमंत्री ने कहा है कि जिन परिवारों के घर तोड़े गए हैं उनके लिए नए घर बनाए जाएंगे।**

घटना के बाद धरने पर बैठे दिग्विजय ने पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजे की मांग की। उन्होंने सवाल खड़ा किया कि यदि पीएम आवास योजना के तहत ये घर वन भूमि पर बनाए गए तब पहले सरकार क्यों सो रही थी।? जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि पीएम आवास



योजना के तहत मिले घरों को वन विभाग की भूमि पर बनाया गया था। इस लेकर एक साल पहले ही नोटिस भी दिया गया था। इसके बाद एक्शन लिया गया है।

सागर के जिला कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा, सात घर गिराए गए हैं क्योंकि वह वन भूमि पर बने थे। हम एक साल से नोटिस दे रहे थे। ये आवास पीएम आवास योजना के तहत बने थे। हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूमि पट्टा देकर परिवारों को बसाया जाएगा। इस बीच मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दिग्विजय पर राजनीतिक रोटियां सेकने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, राजनीतिक रोटियां सेकने का दिग्विजय सिंह हर जगह प्रयास करते हैं। वहीं बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी दलितों का घर तोड़ने को लेकर शिवराज सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, शिवराज सरकार की विध्वंसकारी द्वेषपूर्ण बुलडोजर राजनीति लोगों के घर व स्कूल तोड़ते-तोड़ते अब पीएम आवास योजना के अंतर्गत बने गरीबों के मकान भी तोड़ने लगी है, जो अति-निंदनीय।

# फिर बहाल हुई टूरिस्ट यात्री बसों की आनलाइन परमिट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परिवहन विभाग ने टूरिस्ट यात्री बसों की आनलाइन परमिट सेवा को फिर बहाल कर दिया। शुक्रवार दोपहर 1.30 बजे से यह व्यवस्था फिर से शुरू हो गई। अब बस आपरेटर पूर्व की तरह टूरिस्ट यात्री बसों के आनलाइन परमिट प्राप्त कर बस का संचालन कर सकेंगे। संचालकों को परिवहन विभाग के चक्कर लगाने से भी मुक्ति मिलेगी।**

प्रदेश में यात्री बसों की आनलाइन परमिट सेवा को बंद करने पर बस संचालकों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा था। प्राइम रूट बस आनर्स एसोसिएशन एवं अन्य मोटर मालिक संगठनों द्वारा इसके विरोध में परिवहन आयुक्त के नाम से आरटीओ को ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें आनलाइन परमिट व्यवस्था को फिर से शुरू करने की मांग की गई थी।

### कार्यालय खुलने का नहीं करना पड़ता था इंतजार

गौरतलब है कि आनलाइन परमिट व्यवस्था को मार्च में शुरू किया गया था। इससे शादी-विवाह, धार्मिक यात्रा और पर्यटन स्थलों की सैर के लिए बस सेवा मुहैया कराने वाले आपरेटरों को ज्यादा फायदा हो रहा था। बुकिंग होने पर आपरेटर आनलाइन परमिट जनरेट कर बस तुरंत भेज सकते है। इसके लिए दूसरे दिन कार्यालय खुलने का इंतजार करने की आवश्यकता नहीं होती थी। दो सप्ताह पहले बंद सेवा अब फिर बहाल कर दी गई है।

### चंद मिनट में मिल जाता है परमिट

टूरिस्ट और शादी-विवाह में बसें भेजने वाले संचालकों के लिए आनलाइन परमिट सेवा फायदेमंद है। इसमें आनलाइन फीस जमा कर दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड़ करने के चंद मिनटों में परमिट जारी हो जाते हैं।आवश्यकता के अनुसार परमिट में बदलाव भी किए जा सकते हैं। बस खराब होने पर दूसरी बस भी परमिट जारी कर भेजी जा सकती है।

### पूर्व की तरह रहेगी व्यवस्था

टूरिस्ट बसों की आनलाइन परमिट सेवा को पुनः बहाल कर दिया गया है। सुबह 11.30 बजे परिवहन आयुक्त से चर्चा हुई थी। उन्होंने शाम चार बजे तक व्यवस्था बहाल करने के लिए कहा था। परिवहन विभाग ने दोपहर में आनलाइन परमिट सेवा शुरू कर दी। पूर्व की तरह टूरिस्ट यात्री बसों के परमिट होते रहेंगे।

**-गोविंद शर्मा, अध्यक्ष प्राइम रूट बस आनर्स एसोसिएशन**

# आम आदमी पार्टी ने शुरू की मनुहार यात्रा

● महाकाल लोक में भाजपा ने किया घोटाला, शिव के क्रोध को शांत करने उज्जैन तक पदयात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आम आदमी पार्टी के कार्यकतार्ओं ने शुक्रवार को लव कुश चौराहा से लेकर उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर तक पदयात्रा शुरू की है। पार्टी का आरोप है कि भाजपा ने महाकाल लोक और केदारनाथ धाम में करोड़ों रुपए का घपला किया। भाजपा सरकारों के भ्रष्टाचार से कुपित भगवान शिव के क्रोध की शांति के लिए यह पदयात्रा की जा रही है।**

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सुबह 9 बजे लवकुश चौराहे पर एकत्रित हुए और भाजपा सरकार पर आरोप लगाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि धर्म की राजनीति करने वाली भाजपा सरकार में महाकाल लोक घोटाला हुआ है। पिछले दिनों सप्त ऋषियों की मूर्तियां थोड़ी सी हवा में गिरकर टूट गई थी। पत्थर की मूर्तियों की जगह करोड़ों रुपए की प्लास्टिक की मूर्तियां बनाई गई जो दस गुना कीमत में गुजरात की कंपनी से खरीदी गई थी।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि इसी प्रकार केदारनाथ धाम गर्भगृह में सोने की परत की जगह पीतल की परत लगाकर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की जांच करने की बजाय मामले की लीपा पोती कर रही है और भ्रष्टाचार करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। लगातार हो रही दुर्घटनाएं और जनहानि आभास करा रही है कि सब कुछ ठीक नहीं है। इन कारणों को लेकर कार्यकर्ता सुबह पैदल महाकाल के लिए रवाना हुए। वे वहां पहुंचकर भगवान से शांति के लिए प्रार्थना करेंगे।

# तेज बारिश में बह निकला पातालपानी का झरना

### दुकानदार खुश, मनमोहक नजारा देखने वीकेंड पर उमड़ेंगे सैलानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ महू तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को हुई तेज बरसात के बाद झरने भी अपने शबाब में बहते हुए नजर आए। गर्मी में सूखे पड़े झरनों में पानी आने से पर्यटक एवं ग्रामीणों में उत्साह नजर आया। तहसील के बहुचर्चित पर्यटक स्थल पातालपानी के झरने ने पानी बहने लगा। इसे देखने केलिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और सैलानी यहां पहुंचे। सिमरोल क्षेत्र में आने वाले तिन्छा फॉल का झरना भी शबाब से बहने लगा है।**

पातालपानी झरने से बहता पानी लोगों का मन मोह रहा था। झरने शुरू होने के बाद अब वीकेंड पर बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचेंगे। यहां दुकान लगाने वाले लोग भी खुश हैं। उनका कहना है कि इससे पर्यटक आएंगे। क्षेत्र में रोजगार बढ़ेगा।

# वाट्सएप पर दी जा रही बिजली की दर, आकस्मिक कार्यों की सूचना

### ऊर्जस मैसेजिंग टूल्स के उपयोग से उपभोक्ताओं को आसानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर समेत कंपनी क्षेत्र के विभिन्न जिलों के उपभोक्ताओं को बिजली नियामक आयोग द्वारा तय की गई की मौजूदा दर, जरूरी कार्यों के लिए बंद रखी जाने वाली बिजली आदि की जरूरी सूचनाएं दी जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को आसानी हो रही है।**

बिजली वितरण कंपनी की आईटी शाखा द्वारा तैयार ऊर्जस मैसेजिंग टूल्स के माध्यम से केंद्रीयकृत व्यवस्था के माध्यम से जिन फीडरों, जोन, वितरण केंद्रों के अधीन आकस्मिक रूप से बिजली बंद रखी जा रही है, वहां सूचनाएं दी जा रही है। ये सूचनाएं जरूरी कार्यों, फाल्ट, तेज बारिश के कारण, ट्रांसफार्मर में खराबी या पेड़ गिरने, वाहन के टकराने आदि विषयों को लेकर भेजी जा रही है, ताकि क्षेत्र विशेष के उपभोक्ताओं को उनके क्षेत्र की मौजूदा परिस्थिति एवं बिजली कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की त्वरित जानकारी मिल सके। इंदौर के सिरपुर, खजराना क्षेत्र में दो दिनों से इस तरह की सूचनाओं से हजारों उपभोक्ताओं को आसानी हुई। बिजली कंपनी की आईटी शाखा की ओर से नियामक आयोग द्वारा मार्च में लागू की गई दरों की जानकारी भी वाट्सएप नंबरों पर बिजली बिल के साथ दी जा रही है। जिसमें विभिन्न उपभोक्ता वर्ग एवं यूनिट उपयोग के लिए देय राशि का विस्तृत रूप से उल्लेख हैं।

# अनंतेश्वर महादेव मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह कल से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तुलसी नगर स्थित वीर सावरकर उद्यान में नवनिर्मित अनंतेश्वर महादेव मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह रविवार 25 जून से शुरू होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले दिन रविवार को मंडप प्रवेश, ग्रहों की स्थापना एवं जलाधिवास होगा। दूसरे दिन सोमवार को पूजन स्थापित गृह, अन्नाधिवास एवं फूल शैय्या शयन का आयोजन होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तीसरे दिन मंगलवार 27 जून को प्रातः 9 बजे तुलसी नगर एवं आसपास के कॉलोनियों की मातृ शक्तियों द्वारा शोभा यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात शिखर कलश एवं ध्वजारोहण का प्रतिस्थापन होगा। उसके पश्चात पंडित बद्रीनाथ मंडलोई एवं पंडित हरिओम मंडलोई की अगुवाई में वैदिक मंत्रों के बीच हवन एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन महा आरती से होगा। अपराह्न 4 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें निपानिया, पिपलिया कुमार क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है

## कटाक्ष




# रामपुर कोटी की जगह का होगा कायाकल्प

● तीन एकड़ जमीन पर आकार लेगा देवी आहिल्या स्मारक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। देवी अहिल्या स्मारक ट्रस्ट सरकार से मिली रामपुर कोठी की जमीन पर देवी अहिल्या बाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित स्मारक बनाने का काम शीघ्र शुरू करने जा रहा है। स्मारक की वास्तु कल्पना के लिए ट्रस्ट देशभर से प्रस्ताव आमंत्रित कर रहा है। उनमें से प्राप्त सर्वश्रेष्ठ कल्पना (डिजाइन) का चयन कर निर्माण हेतु एजेंसी तय की जाएगी।

ट्रस्ट के सचिव अशोक डागा ने बताया कि लालबाग के पास पुराने आरटीओ भवन एवं उससे लगी तीन एकड़ जमीन का सीमांकन एवं रजिस्ट्रेशन का काम पूरा हो चुका है। इस जमीन की साफ-सफाई का काम नगर निगम के अमले से कराने के बाद कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने ट्रस्ट को जमीन हस्तांतरित करने की तैयारी कर ली है। कलेक्टर ने ट्रस्टियों के साथ जमीन का मौका मुआयना भी किया। अवलोकन के दौरान ट्रस्ट सचिव अशोक डागा, मिलिंद महाजन, सुधीर देड़गे, निलेश केदारे, अविनाश भांड, प्रतीक तागड़ आदि उपस्थित थे।

ट्रस्ट की अध्यक्ष पूर्व लोक सभा स्पीकर सुमित्रा महाजन का विचार है कि स्मारक के निर्माण में लगने वाली राशि जनता से एकत्रित की जाए। ट्रस्टी सांसद शंकर लालवानी, पुरुषोत्तम पसारी, विनोद अग्रवाल ने भी इस बात पर सहमति व्यक्त की है। इसके लिए पार्षदों को साथ लेकर समितियों का गठन भी किया जाएगा। देशभर के श्रेष्ठ वास्तुकारों से उनकी वास्तु कल्पना आमंत्रित की जाएगी। उसमें से श्रेष्ठ का चयन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि ट्रस्ट के अंतर्गत विभिन्न कार्यों को देखने के लिए भी जानकार लोगों की समिति बनाकर उन्हें ट्रस्ट से जोड़ने का निर्णय भी लिया गया।

# आरडीएसएस के नए ग्रिडों से अगस्त में मिलने लगेगी बिजली

● 500 एमवीए क्षमता का विस्तार भी हो जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत वितरण पुनरूद्धार स्कीम(आरडीएसएस) के तहत 97 नए ग्रिड तैयार कराए जा रहे है। ये ग्रिड क्रमशः जुलाई से बनकर तैयार होने लग जाएंगे, इंदौर जिले के ईमलीखेड़ा समेत कुछ ग्रिडों से अगस्त माह में बिजली वितरण भी प्रारंभ हो जाएगा। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया गया कि सभी जिलों में ग्रिडों का कार्य प्रारंभ हो चुका है। संबंधित जिलों के अधीक्षण यंत्रियों की निर्माता एजेंसियों के साथ समय पालन एवं गुणवत्ता के लिए प्रति सप्ताह बैठक भी हो रही है, ताकि ग्रिडों का कार्य समय पर हो जाए। अगस्त से इन ग्रिडों से क्रमबद्ध रूप से बिजली मिलना प्रारंभ भी हो जाएगी। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि अक्टूबर से रबी का सीजन भी प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान इंदौर सहित लगभग सभी जिलों में चुनिंदा नए ग्रिडों से किसानों के लिए भी आपूर्ति हो सकेगी। श्री तोमर ने बताया कि नए ग्रिडों से बिजली कंपनी की वितरण क्षमता में लगभग 500 एमवीए की बढ़ोत्तरी हो जाएगी। यह आगामी वर्षों के लिए काफी उपयोगी रहेगी। लाखों उपभोक्ताओं को पहले से और भी गुणवत्ता के साथ बिजली प्रदाय होगा।

# बाघ-तेंदुआ विचरण, अब तक वन विभाग के हाथ खाली ही

## मलेंडी सहित आस - पास के गांवो में सन्नाटा, स्कूल भी सूने हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समीपस्थ महू में वन विभाग की तमाम मशक्कत के बाद भी जंगली जानवर पकड़ से बाहर है। इधर, आदिवासी बाहुल्य मलेंडी सहित आस - पास के आधा दर्जन से भी अधिक गांवा में खासकर शाम के बाद सन्नाटा नजर आ रहा है।

सवा माह से भी अधिक समय से बाघ के साथ ही तेंदुआ सहित अन्य जंगली जानवरों का डर लोगों को परेशान किए हुए है, इस दौरान जनहानि के साथ ही मवेशियों का भी शिकार जानवरों द्वारा किया गया, लेकिन वन विभाग अब तक आदमखोर हो चुके बाघ सहित तेंदुए को नहीं तलाश पाया है। इधर जंगल प्रभावित एरिया के आधा दर्जन गांवों में खासकर मलेंडी , बढिय़ा, मागलिया, नाहरखेड़ा आदि ग्रामों में खेती किसानी, पशुपालन के साथ ही स्कूली बच्चों की दिनचर्या भी प्रभावित है, शाम होते ही गांव पहुंच मार्ग पर सन्नाटा पस जाता है, वही मलेंडी सहित अन्य शासकीय विधालयों में बच्चों ने पढऩे आना भी बंद कर दिया है, बताया जा रहा है जंगली जानवर के डर से ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल तो दूर घर से बाहर भी नहीं निकलने दे रहे हैं।

### बडग़ोंदा नर्सरी के पास पंजों के निशान

उधर, बाघ की हलचल बडग़ोंदा नर्सरी के समीप पाई गई। मौके पर वन विभाग की टीम पहुँची और बाघ के पंजों के निशान पाए गए। पंजों के निशान से यह अंकित होता है कि बाघ वन क्षेत्र की ओर आगे बढ़ गया है एवं ग्राम एवं शहर के रहवासियों को जंगल की ओर न जाने की सख्त हिदायत दी जा रही है।

### वनक्षेत्र में बिना आज्ञा प्रवेश न करे

उपमंडल फॉरेस्ट रेंजर वैभव उपाध्याय ने कहा है कि कुछ दिनों में वर्षा के साथ वन्यप्राणियों की हलचल रहवासी इलाकों के आस पास काफी कम हो जाएगी। जब तक हमें लगातार वन्यजीवों के विचरण की सूचना मिलती रहेगी तब तक रहवासियों से निवेदन है कि वे वनक्षेत्र में बिना आज्ञा प्रवेश न करें। बिना आज्ञा अथवा सूचना के वनक्षेत्र में भ्रमण हानिकारक साबित हो सकता है अतएव बच्चों, महिलाओं एवं बूढ़ों को अंधेरे के वक्त खेतों एवं वनक्षेत्र में अकेले न जाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# लाखों की धोखाधड़ी में फरार दो आरोपी पकड़ाए

### फोरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करने का झांसा देकर रुपये जमा करवाते थे आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच ने दो लोगों को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरेपियों ने स्कूल शिक्षक और व्यापारियों से लाखों रुपये ठगे थे। आरोपी फोरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करने का झांसा देकर 200 दिन में दोगुना करने का प्रलोभन देकर रुपये जमा करवाते थे।**

अपराध शाखा के डीसीपी निमिष अग्रवाल के मुताबिक, राजेंद्र पिता शशिकांत खांडेगर निवासी चिमनबाग इंदौर और अजीत पिता जयपाल पाटिल निवासी मिराज सांगली (महाराष्ट्र) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के विरुद्ध 24 निवेशकों ने शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपी स्वयं की फोरेक्स ट्रेडिंग कंपनी बताते थे। कंपनी के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश करने पर दावा करते थे कि 200 दिन के अंदर निवेश की राशि दोगुना हो जाएगी।

### 77 लाख का निवेश

लालच में आकर 24 लोगों ने करीब 77 लाख रुपये निवेश कर दिए थे। निवेशकों में ज्यादातर स्कूल के शिक्षक और व्यापारी शामिल हैं। कर्ताधर्ताओं के अचानक लापता होने पर पीड़ितों ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने जांच कर अजीत और राजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। राजेंद्र की राजवाड़ा क्षेत्र में प्रिंटिंग मशीन है। पुलिस आरोपियों के बैंक खातों की जांच कर रही है।

# महिला को अस्पताल में फर्जी नाम से भर्ती करवाकर भागा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमवाय अस्पताल में भर्ती महिला की शुक्रवार को मौत हो गई। उसे भर्ती करवाने वाले ने नशे में गिरना बताया था। वह अस्पताल में भी फर्जी नाम लिखवाकर चला गया। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाया है। महिला के बेटे ने हत्या का आरोप लगाया है।

आजाद नगर थाना पुलिस के मुताबिक, महिला के सिर में चोट लगी है। गुरुवार दोपहर उसे वीरू नामक व्यक्ति ने गंभीर अवस्था में भर्ती करवाया था। वीरू ने अस्पताल में बनी पर्ची में सुनीता पति ओमप्रकाश निवासी आलोक नगर मुसाखेड़ी नाम बताया था। डाक्टर को बताया कि शराब के नशे में गिर गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए महिला के परिजन को बुलाया तो पता चला कि उसका नाम कमला पति बोटनसिंह है। कुछ समय से वह वीरू के साथ नायता मुंडला क्षेत्र में रहती थी। उसका ढाबा भी है। बेटे संतोष ने पुलिस को बताया कि वीरू फ्लैट दिखाने के लिए खुड़ैल क्षेत्र में ले गया था। संतोष ने हत्या का भी आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, महिला के सिर में चोट है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा

# कथित प्रेमी ने सरेराह युवती को पिलाया जहर

### शादी करने की जिद पर अड़ा था, आरोपी को जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 20 वर्षीय युवती ने कथित प्रेमी पर जहर पिलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह शादी की जिद पर अड़ा था। युवती ने शादी से इनकार कर दिया था। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक, गौरीनगर निवासी युवती साड़ी शोरूम पर नौकरी करती है। आरोपी चेतन सिजोरिया खातीपुरा भी उसके साथ काम करता था। दोनों के बीच दोस्ती हो गई थी। युवती का आरोप है कि चेतन उससे शादी करना चाहता था। युवती द्वारा मना करने पर चेतन ने गुरुवार दोपहर स्वामी विवेकानंद स्कूल के समीप रोका और मुंह में जहर से भरी शीशी डाल दी। युवती ने किसी तरह परिजनों को सूचना दी तो वे मौके पर पहुंचे और उसे बेहोशी की अवस्था में निजी अस्पताल ले गए। गुरुवार रात पुलिस ने चेतन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पुलिस परिवार की बच्चियों को मिलेंगी सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण छात्रावास की सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों हेतु चलाए जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों के तहत मध्य प्रदेश पुलिस में कार्यरत आरक्षक से लेकर निरीक्षक स्तर तक के पुलिस कर्मचारियों की बेटियों को सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के तीन शहरों भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में गर्ल्स हॉस्टल की सुविधा प्रारंभ की जा रही है।**

पुलिस मुख्यालय ने केंद्रीय कल्याण निधि से इन हॉस्टल का निर्माण किया है। इन हॉस्टल में प्रवेश प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू होगा। मप्र पुलिस हाउसिंग ने इन हॉस्टल का निर्माण किया है। इन तीनों छात्रावासों में भोपाल में 208, इंदौर में 162 और ग्वालियर में 148, इस प्रकार कुल 518 छात्राएं रह सकेंगी। हॉस्टल में प्रवेश के लिए ऑनलाइन फॉर्म जमा करने की सुविधा दी जाएगी। इन तीनों हॉस्टल का संचालन जिला पुलिस बल द्वारा किया जा रहा हैं।

हॉस्टल में प्रवेश के लिए छात्राओं की उम्र 18 साल या इससे अधिक और 26 वर्ष से कम होना जरूरी होगा। प्रत्येक छात्रा को अधिकतम चार साल तक हॉस्टल में रहने की सुविधा मिलेगी। छात्रा को एक साल के लिए प्रवेश दिया जाएगा, जिसे प्रत्येक वर्ष जुलाई महीने में रिन्यू किया जाएगा।

छात्रावासों का संचालन एक समिति करेगी। जिसकेअध्यक्ष डीसीपी स्तर के होंगे, वहीं पुलिस कमिश्नर द्वारा नामांकित एसीपी स्तर की महिला अधिकारी सचिव रहेंगी। महिला थाना प्रभारी और रक्षित निरीक्षक सहित अन्य सदस्यों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए थे,

जिसके अनुक्रम मे इंदौर मे अध्यक्ष डीसीपी ज़ोन 1- आदित्य मिश्रा, सचिव श्रीमती मनीषा पाठक सोनी, सदस्य श्रीमति ज्योति शर्मा, निरीक्षक थाना प्रभारी महिला थाना व रक्षित निरीक्षक दीपक पाटिल नियुक्त किये गये है ।

पुलिस परिवार के बच्चों को ध्यान में रखते हुए उक्त गर्ल्स हॉस्टल को सर्वसुविधा युक्त बनाया गया है जिसमें टीवी, गीजर, आरओ, कम्प्यूटर आदि की सुविधाओं के साथ ही ये सभी हॉस्टल सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगे।

# केबल चोर गिरोह धराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पुलिस ने एक ऐसे चोर गिरोह को पकड़ा है ,जो खेत और आसपास के इलाकों से बोरवेल के केबल तार चोरी करते थे। केबल चुराकर एक कबाड़ी को देते थे। वह उसमें से कॉपर निकालकर बेचता था।**

जानकारी के अनुसार शिप्रा पुलिस के हत्थे उस्मान कबाड़ी सहित दो नाबालिक लगे हैं। जबकि एक अन्य बदमाश सरवर की तलाश जारी है। बताया जा रहा है गांव ग्राम गुलाना बरलाई और इसके आसपास से लगातार ट्यूबवेल के केबल तार चोरी की घटनाएं हो रही थी। चोरी की वारदातों का पैटर्न एक जैसा ही था। पुलिस ने मुखबिर को काम पर लगाया था उन्होंने ही बताया कि उस्मान कबाड़ी लगातार केबल तार के सौदा कर रहा है। जिसके आधार पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो अन्य आरोपियों का भी पता लगा।

# तिरुपति बालाजी के दल द्वारा इंदौर के स्वच्छता मॉडल को देखा

## आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध देव दार्शनिक स्थल तिरुपति बालाजी मैं इंदौर का सफाई मॉडल

### ● कबीट खेड़ी स्थित एसटीपी प्लांट एवं आईसीसीसी का किया अवलोकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। स्वच्छता में छटी बार नंबर वन इंदौर शहर की स्वच्छता एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को देखने के लिए देश के विभिन्न प्रदेश/शहर के जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी आ रहे है, इसी क्रम में आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध देव दार्शनिक स्थल तिरुपति बालाजी निगम परिषद के उपायुक्त चंद्रमौलीश्वर रेड्डी, एमएचओ डॉ. हरिकृष्ण, पर्यावरण इंजीनियर विजयकुमार रेड्डी, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं 80 से अधिक अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के दल द्वारा इंदौर के सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट के तहत कबीट खेड़ी स्थित एसटीपी प्लांट, सलज प्लांट एवं सिटी बस ऑफिस स्थित आईसीसीसी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर पर सहायक यंत्री सौरभ माहेश्वरी व अन्य उपस्थित थे।

विदित हो कि तिरुपति बालाजी निगम परिषद के सदस्यों द्वारा कल 24 जून को इंदौर के स्वच्छता मॉडल के तहत डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य, गार्बेज ट्रांसफर कचरा स्टेशन, देवगुराडिया स्थित विभिन्न प्लांट का अवलोकन किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध देव दार्शनिक स्थल तिरुपति बालाजी निगम परिषद के उपायुक्त चंद्रमौलीश्वर रेड्डी, एमएचओ डॉ. हरिकृष्ण, पर्यावरण इंजीनियर श्री विजयकुमार रेड्डी, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं 80 से अधिक अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के दल द्वारा सिटी बस ऑफिस में निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह से सौजन्य भेंट की गई।

इस अवसर पर आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा प्रेजेटेशन के माध्यम से इंदौर के स्वच्छता अभियान के विस्तृत जानकारी देते हुए, बताया कि किस प्रकार से पूर्व में इंदौर में जगह-जगह कचरा पेटिया हुआ करती थी, जिस कचरा पेटी के आस-पास कचरे के ढेर लगा हुए होते थे, इसके पश्चात इंदौर ने स्वच्छता अभियान के तहत इंदौर को कचरा पेटी से मुक्त करते हुए, शहर के चिंहित वार्ड में पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन चलाये, जिनका जीपीएस सिस्टम के माध्यम से मॉनिटरिंग किया जा रहा है, सभी कचरा संग्रहण वाहनो अपने निर्धारित रूट व समय पर अपने कार्य क्षेत्र में कार्य कर रहे है।

शहर को ओडीएफ मुक्त कैसे किया, पहले गीला-सुखा कचरा संग्रहित किया जाता है, अब हर दिन 6 बिन की तर्ज पर 6 प्रकार का कचरा संग्रहित किया जा रहा है। थैला बैंक, बर्तन बैंक, डिस्पोजल फ्री क्षेत्र, जीरो वेस्ट इवेंट, जीरो वेस्ट शादी, नाला सफाई अभियान, नाला क्रिकेट, नाला मेडिकल चेकअप, नाला फुटबॉल, नाला दंगल व अन्य गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनो से संग्रहित कचरे को गारबेज कचरा ट्रांसर्फर स्टेशन तक किस प्रकार से पहुंचाया जा रहा है, इस सेग्रिगेट कचरे को किस प्रकार से टेज्चिंग ग्राउण्ड पर डिसेंटलाईज्ड मटेरियल रिकवरी प्लांट व ड्राय वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, कम्पोस्ट प्लांट में प्रोसेस किया जा रहा है। इसके साथ ही टेचिंग ग्राउण्ड में निर्माणधीन बायागैस प्लांट के संबंध में भी विस्तार से जानकारी देते हुए, बताया कि यह एशिया को बडा बायोगैस सीएनजी प्लांट है जहां पर गीले कचरे से बायोगैस का निर्माण किया जाकर उसे लोक परिवहन में उपयोग किया जा रहा है। दल के सदस्य कल भी इंदौर में विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का स्वच्छता का अवलोकन करेंगे।

# मप्र में चुनाव से पहले शुरू हुआ पोस्टर वार

## कमलनाथ- शिवराज निशाने पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। विधानसभा चुनाव के पास आते ही मध्य प्रदेश में पोस्टर वार शुरू हो गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों दल एक -दूसरे के नेताओं के विरुद्ध पोस्टर लगा रहे हैं।**

भोपाल के मनीषा मार्केट सहित अन्य स्थानों पर शुक्रवार सुबह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ को वांटेड और करप्शन नाथ बताते हुए पोस्टर लगाए गए। इसमें फोटो के पास लगे क्यूआर कोड को स्कैन करने पर कांग्रेस के 15 माह की तत्कालीन सरकार के घोटालों की जानकारी सामने आती है।

पलटवार में शाम होते-होते प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के पास शिवराज सरकार के खिलाफ घोटालों के पोस्टर लग गए। इसमें भाजपा सरकार के 18 साल के कार्यकाल में हुए घोटालों का उल्लेख किया गया है। उधर, पोस्टर को लेकर आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू हो गए।

कांग्रेस के विरुद्ध लगे पोस्टर में यह संकल्प लेने के लिए कहा जा रहा है कि कमल नाथ को सबक सिखाना है। विधानसभा क्षेत्र के नाम सहित अन्य जानकारियां पूछी जा रही हैं। पोस्टर में किसान कर्जमाफी, हेलीकाप्टर, गेहूं बोनस, खाद, सीडी और मोबाइल घोटाले का उल्लेख किया गया है। जगह-जगह पोस्टर लगे होने की




जानकारी लगते ही युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचे और उन्हें हटा दिया। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, विवेक त्रिपाठी सहित अन्य नेता चूनाभट्टी थाने पहुंचे और प्रकरण दर्ज करा कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए धरना दिया।

वहीं, शाम होते-होते तक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के पास स्थित बस स्टाप पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की फोटो लगे पोस्टर लग गए। इसमें डंपर, व्यापम, पोषण आहार, ई-टेंडरिंग, कारम बांध और कन्यादान घोटाले का उल्लेख किया गया।

पोस्टर लगाए जाने पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कमल नाथ ने मीडिया से चर्चा में आरोप लगाया कि हमारे देश में सबसे भ्रष्ट मध्य प्रदेश की सरकार है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मुझे नीचा दिखाना चाहते हैं। मुझ पर राजनीतिक जीवन में कोई आरोप नहीं लगा है। अगर हमारी सरकार में भ्रष्टाचार था तो तीन साल से इनकी सरकार है, कोई प्रकरण दर्ज क्यों नहीं किया। भाजपा के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त है। प्रदेश में भ्रष्टाचार तब तक नहीं हो सकता है, जब तक सरकार की उसमें भागीदारी न हो। मुझे भाजपा के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं, जनता मेरी गवाह है।

### कांग्रेस में चल रही अंदरुनी लड़ाई : विष्णुदत्त

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने इस पूरे मामले में कहा कि हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस में अंदरुनी और पुत्रों को आगे बढ़ाने की लड़ाई चल रही है। मिस्टर करप्शननाथ, कमल नाथ की सारी चरित्रावली भ्रष्टाचार की है। भाजपा का इससे क्या लेना देना। जगह-जगह बेटों की लड़ाई में अब उनको देखना चाहिए कि जो दूसरे युवा हैं, कहीं यह उनका कमाल तो नहीं है। हम छल-कपट नहीं सकारात्मक और विकास की राजनीति करते हैं।

# पुलिस ने स्कूल के गेट पर रातोंरात उठवाई दीवार

## सुबह बच्चे पहुंचे तो रास्ता बंद मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह जिले के सेंट जॉन्स स्कूल के मेन गेट पर पुलिस ने गुरुवार रात दीवार खड़ी कर दी। शुक्रवार सुबह जब बच्चे स्कूल पहुंचे, तो स्कूल के अंदर जाने का रास्ता बंद मिला। पुलिस का कहना है कि उनकी जमीन पर स्कूल की बिल्डिंग का अवैध निर्माण हो रहा था, इसलिए दीवार उठवा दी। वहीं, स्कूल की प्राचार्य का कहना है कि ये कार्रवाई बिना नोटिस दिए की गई है।

वर्ष 2006 में पुलिस कंट्रोल रूम के बगल में सेंट जॉन्स स्कूल की नई बिल्डिंग बनाई गई थी। तभी से इस स्कूल का संचालन हो रहा है। अभी स्कूल में 2300 बच्चे पढ़ रहे हैं। मौके पर मौजूद पुलिस आरआई हेमंत बरैया ने बताया कि जमीन पुलिस की है। स्कूल भवन के बगल से पुलिस के 8 राजपत्रित अधिकारियों के क्वार्टर बनाए जा रहे हैं, इसलिए ठेकेदार के द्वारा पुलिस भूमि को संरक्षित किया जा रहा है।

### स्कूल प्राचार्य बोलीं- पुलिस ने अचानक रास्ता बंद कर दिया

स्कूल की प्राचार्य सिस्टर सोफी ने कहा कि लंबे समय से स्कूल का संचालन कर रहे हैं। नक्शे में यह मार्ग अप्रोच रोड के रूप में स्वीकृत है, लेकिन आज अचानक पुलिस ने यहां काम शुरू करके रास्ता बंद करा दिया है। 10 साल पहले शासन ने इस रास्ते को बनवाया था। पुलिस को कोई भी कार्रवाई करनी थी, तो कम से कम नोटिस देना था। स्कूल के दूसरे रास्ते पर निर्माण कार्य चल रहा है, इसलिए वो रास्ता भी बंद है। हम जोखिम में बच्चों को स्कूल में प्रवेश नहीं करा सकते हैं। हमारे बच्चे कैसे स्कूल आएंगे, मुझे समझ नहीं आ रहा। आज जो बच्चे स्कूल पहुंचे हैं, उन्हें अगली सूचना तक स्कूल नहीं आने के लिए कह दिया गया है।

### जमीन विवाद में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही

अभिभावक नीरज जैन ने बताया कि मैं बच्चे को लेकर स्कूल आया तो देखा कि यहां गेट पर दीवार उठी हुई है। हम लोगों को पता नहीं था कि क्या कारण है। सभी अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने आए। दीवार बनने से बच्चे और अभिभावक परेशान हो रहे हैं। स्कूल और पुलिस विभाग के इस विवाद में हमारे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। समझ नहीं आ रहा कि ये स्कूल कब और कैसे खुलेगा। स्कूल प्रबंधन की तरफ से कोई मैसेज नहीं आया। सभी क्लास के बच्चे समय पर स्कूल पहुंच गए थे। पहले से जानकारी होती तो ये परेशानी नहीं होती। स्कूल का रास्ता जल्द से जल्द खुलना चाहिए ताकि बच्चों की पढ़ाई शुरू हो सके।

● मप्र में उद्योग लगाने के लिए अब केंद्र सरकार के पोर्टल से भी किए जा सकेंगे आवेदन ...

# विदेशी निवेशकों के लिए होगा बेहतर विकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने के लिए अब केंद्र सरकार के पोर्टल से भी आवेदन किया जा सकेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने अपने सिंगल विंडो सिस्टम को केंद्र सरकार के नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम से लिंक कर लिया है।**

इस व्यवस्था के बाद देश में कहीं से भी मध्य प्रदेश में निवेश के लिए आवेदन किया जा सकेगा। निवेशकों का आवेदन मध्य प्रदेश के पोर्टल पर भी प्रदर्शित होगा। इसके लिए उसे मप्र सरकार के पोर्टल पर आकर आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। निवेशकों की अन्य समस्त अनुमतियां भी आनलाइन ही सिंगल विंडो सिस्टम से प्राप्त हो जाएगी। इसका सबसे ज्यादा लाभ विदेशी निवेशकों को होगा।

**जीआइएस में आया था सुझाव, अब होगा अमल-** ग्लोबल इंवेस्टर समिट (जीआइएस) में इस तरह का सुझाव आया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के सिंगल विंडो सिस्टम को केंद्र सरकार के सिस्टम से लिंक करने की बात कही थी। जिसके बाद औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग और एमएसएमई विभाग मिलकर यह व्यवस्था कर रहा है। इससे छोटे, बड़े उद्योग और स्टार्टअप को भी मदद मिलेगी।

### नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम पर होगा प्रदेश की औद्योगिक स्थिति का डाटा

नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम पर ही मध्य प्रदेश की औद्योगिक स्थिति का डाटा उपलब्ध रहेगा। निवेशक वेबसाइट पर जाकर मध्य प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र भूमि, पानी, बिजली, सड़क और अन्य आवश्यकता सुविधाओं के बारे जान और समझ सकेंगे। इसमें राज्य सरकार की औद्योगिक योजनाएं भी उपलब्ध रहेगी। जिससे निवेशक अपनी सुविधा अनुसार बेहतर विकल्प का चयन कर निवेश का निर्णय ले सकेंगे।

# उमर फारुख ने राजू बन दोस्ती की

## युवती के साथ मंदिर जाता था धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया

**दमोह।** दमोह में लव जिहाद का मामला सामने आया है। दमोह की रहने वाली एक युवती ने असम निवासी एक युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने नाम बदलकर उससे दोस्ती की। असलियत सामने आने के बाद जब युवती ने रिश्ता तोड़ा तो वह धमकाने लगा। वह धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बना रहा है। ऐसा नहीं करने पर युवती के फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। दो दिन पहले पीड़िता ने दमोह पहुंचकर महिला थाना पुलिस में शिकायत की। उसने पुलिस को बताया, ह्वबेंगलुरु में एक गारमेंट्स कंपनी में काम करने के दौरान आरोपी ने राजू नाम बताकर दोस्ती की। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। बाद में पता चला कि आरोपी का असली नाम उमर फारुख है। वह मंदिर में पूजा भी करता था। महिला थाना टीआई सुशीला श्रीवास्तव ने कहा कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस जल्द बेंगलुरु रवाना होगी।

# अनाज व्यापारी से दिनदहाड़े लूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बाग-धार।** जिले के बाग में टांडा मार्ग पर समय दो अनाज व्यापारियों पर धारदार हथियारों से हमला कर बदमाश रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। जब व्यापारियों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। बदमाशों के हमले से व्यापारी गंभीर घायल हो गए। घायल व्यापारियों को ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया, जहां से गंभीर घायल होने पर डॉक्टरों ने व्यापारी को धार रेफर कर दिया। व्यापारियों के हमले की सूचना पर पहुंची बाग पुलिस ने क्षेत्र में बदमाशों की सर्चिंग की।

शुक्रवार को अनाज व्यापारी दिलीप बद्रीलाल राठौड़ अपने भाई अंकित राठौर के साथ अनाज की दुकान की पल्ली लगा रहे थे। इसी दौरान दो पहिया वाहन पर 6 बदमाश आए और व्यापारी के हाथों से पैसों से भरा बैग छिनने का प्रयास करने लगे, जब व्यापारियों ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने व्यापारी दिलीप पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले से व्या पारी दिलीप गंभीर घायल हो गए, बीच बचाव करने आए अंकित राठौर को भी गर्दन पर बदमाशों ने फालिया मारकर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश पैसों से भरा लेकर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों व्यापारी भाईयों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया जहां से गंभीर घायल होने पर व्यापारी दिलीप को धार रेफर किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र में बदमाशों की पकड के लिए सर्चिंग शुरू की।

# तैराक सहित 6 लोगों की मौत के बाद जागे जिम्मेदार

● सिद्धाश्रम घाट पर स्नान प्रतिबंधित कर बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को रामघाट और अन्य प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नदी का वाटर लेवल कम करने और सभी घाटों पर जल स्तर एक जैसा बनाए रखने के साथ घाटों पर सीढ़ियों पर फिसलन होने पर यहां समय-समय पर साफ-सफाई की जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड संतोष कुमार जाट से पूछा कि यहां पर होमगार्ड के कितने जवान तैनात हैं। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि सिद्धाश्रम घाट पर सबसे ज्यादा डूबने की घटनाएं होती हैं। कलेक्टर ने यहां स्नान पर हमेशा के लिए रोक लगाते हुए स्थायी रूप से बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि शिप्रा नदी में लगातार हादसे हो रहे है। पिछले 10 दिन में 6 लोगों की मौत हो गई। जिसको लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ लोगों का गुस्सा फुटने लगा था। कांग्रेस ने भी इस मामले को लेकर प्रदर्शन किया। जिसके बाद शुक्रवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शिप्रा के घाट का निरीक्षण करने पहुंचे। कलेक्टर ने कहा कि होमगार्ड के जवान पर्याप्त संख्या में विभिन्न घाटों के आसपास मौजूद रहें। स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बार-बार सिटी बजाकर चेतावनी दी जाएं। होमगार्ड के जवान नाव में नदी के बीचों बीच गश्त लगाते रहे। सभी घाटों पर वाटर लेवल को वर्तमान स्तर से एक फीट कम करने के निर्देश दिए गए तथा उसे मेंटेन करने के लिए कहा है। घाटों पर लोहे के पाईप लगवाए जाने के निर्देश दिए गए।

# संपादकीय

## हिंसा, गंभीर मुद्दा

राजनीतिक पकड़ के लिए सभी दल हर हथकंडे अख्तियार करना चाहते हैं, क्या इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था के उद्देश्य की पूर्ति होती है? बंगाल एक ऐसा राज्य है, जहां प्रत्येक चुनाव में बड़े पैमाने पर हिंसा होती है। वहां पंचायत चुनावों को लेकर शुरू हुई हिंसा जिस तरह थमने का नाम नहीं ले रही है, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि राज्य सरकार या तो इस हिंसा को रोकने में समर्थ नहीं या फिर वह इसके लिए इच्छुक ही नहीं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव एक अहम प्रक्रिया है। अगर चुनाव को धनबल, बाहुबल या अन्य किसी भी तरीके से प्रभावित करने की कोशिश होती है तो इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से ही बंगाल में राजनीतिक हिंसा जोर पकड़ने लगी है। नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान हिंसा की खबरें आ रही हैं। वर्ष 2018 के स्थानीय निकाय चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती नहीं हुई थी और एक तिहाई से ज्यादा सीटों पर तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए थे। अधिकांश सीटों पर विपक्षी दल अपने उम्मीदवार ही नहीं दे पाए थे। इस बार हाल कुछ बेहतर है। विपक्षी दलों को 341 ब्लाक में से सिर्फ लगभग 50 में परेशानी हुई है। हिंसा के ताजा दौर के घटनाक्रम गौर करने लायक हैं। 15 जून को कलकत्ता हाई कोर्ट ने पंचायत चुनाव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के निर्देश दिए। बंगाल के राज्य चुनाव आयुक्त ने सरकार के आदेश का इंतजार करना बेहतर समझा। फिर राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग- दोनों ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए। किसी फैसले से सहमत नहीं होने पर ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटाया जा सकता है, लेकिन क्या इससे चुनाव आयोग के दायित्व बोध का प्रमाण मिल रहा है? क्या नागरिक इस बात के लिए निश्चिंत हो पा रहे हैं कि चुनाव आयोग की निगरानी में वे सुव्यवस्थित तरीके से मतदान कर पाएंगे। उचित यह होता कि राज्य चुनाव आयोग संवेदनशील इलाकों की सूची तैयार करता और हिंसा की घटनाओं पर नजर रखता।

## रंग भरो



### बाल दिवस

# माता शबरी की कथा

बात भगवान राम के जन्म से पहले की है, जब भील आदिवासी कबीले के मुखिया अज के घर बेटी पैदा हुई थी। उसका एक नाम श्रमणा और दूसरा नाम शबरी रखा गया। शबरी की मां इन्दुमति उसे खूब प्यार करती थी। बचपन से ही शबरी पशु-पक्षियों की भाषा समझकर उनसे बातें करती और जब सबरी की मां उसे देखती, तो कुछ समझ नहीं पाती थी।



कुछ समय बाद एक पंडित ने शबरी के परिवार को बताया कि वो आगे चलकर संन्यासी बन सकती है। इस बात का पता चलते ही शबरी के पिता ने उसका रिश्ता तय कर दिया। जैसे ही शादी का दिन नजदीक आया, शबरी के घर वालों ने खूब सारी बकरियां और अन्य जानवर घर के पास लाकर बांध दिए।

एक दिन शबरी का मां जब उसके बाल बना रही थी, तो उसने मां से पूछा, "इतने सारे जानवर हमारे घर क्यों लाए गए हैं।"

मां ने जवाब दिया, 'बेटी, तुम्हारा विवाह होने वाला है, इसलिए हम लोगों ने इनका इंतजाम बलि के लिए किया है। तुम्हारी शादी के दिन ही बलि प्रथा होगी और फिर इनसे स्वादिष्ट भोजन बनाकर सबको परोसा जाएगा।' यह सब सुनकर शबरी दुखी हो गई। काफी देर तक शबरी ने उन जानवरों को आजाद करने के बारे में सोचा।

सोचते-सोचते शबरी के मन में हुआ कि अगर ये जानवर यहां नहीं होंगे, तो इनकी बलि रूक सकती है। ऐसा नहीं हुआ, तो मेरे घर से कहीं चले जाने पर ही यह बलि रुकेगी। जब मैं ही नहीं रहूंगी, तब न विवाह होगा और न ही बलि प्रथा। इससे मासूम जानवर बच जाएंगे।

इसी सोच के साथ जानवरों को रखी गई जगह पर सबरी पहुंची। उसने सोचा कि उन्हें खोल देती हूं, लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाई। उसके बाद शबरी जंगल की तरफ भागने लगी। भागते-भागते शबरी ऋषिमुख पर्वत पहुंच गई। वहां करीब दस हजार ऋषि रहा करते थे। शबरी को लगा कि वो भी इसी जंगल में किसी तरह ऋषि-मुनियों की सेवा करके अपना जीवन जी लेगी।

वो चुपचाप उसी जंगल में एक हिस्से में किसी तरह से रहने लगी। शबरी रोजाना ऋषि-मुनियों की झोपड़ी के आगे झाड़ु लगाती और हवन के लिए लकड़ियां भी लाकर रख देती। ऋषि-मुनियों को समझ नहीं आ रहा था कि जंगल में उनके काम अपने आप कैसे हो रहे हैं।

एक दिन शबरी को किसी ऋषि ने देख लिया। उसे देखते ही उसका परिचय पूछा। जैसे ही शबरी ने बताया कि वो भील आदिवासी परिवार से संबंध रखती है, तो उसे ऋषियों ने खूब डांट लगाई। शबरी को इस बात का बिल्कुल भी पता नहीं था कि उसकी जाति छोटी है और उसे ऋषियों द्वारा जाति की वजह अपमान सहन करना पड़ेगा।

इतना सब होने के बाद भी शबरी हर ऋषि-मुनि के दरवाजे पहुंचती और उनके आंगन में झाड़ू लगाकर उनसे गुरु दीक्षा देने के लिए कहती। हर कोई शबरी को उसकी जाति की वजह से अपने आश्रम से भगा देता था। ऐसा होते-होते काफी समय बीत गया। उसके बाद शबरी मतंग ऋषि की कुटिया में पहुंची।

वहां पहुंचकर मतंग ऋषि को सबरी ने बताया कि वो उनसे गुरु दीक्षा लेना चाहती है। उन्होंने खुशी-खुशी उसे अपने गुरुकुल में रहने दिया और भगवान से जुड़ा ज्ञान देते रहे। शबरी ने भी अपने गुरु मतंग ऋषि की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वो गुरुकुल के भी सारे काम करती थी। शबरी से खुश होकर मतंग ऋषि ने उसे बेटी मान लिया था।

समय के साथ मतंग ऋषि का शरीर बूढ़ा हो गया। उन्होंने एक दिन शबरी को अपने पास बुलाया और कहा, 'बेटी मैं अपना देह त्यागना चाह रहा हूं। बहुत साल हो गए इस शरीर में रहते-रहते।'

शबरी ने दुखी मन से कहा, 'आपके ही सहारे मैं इस जंगल में रह पाई हूं। आप ही चले जाएंगे, तो मैं जीकर क्या करुंगी। आप अपने संग मुझे भी ले जाइए। मैं भी देह त्याग दूंगी।'

मतंग ऋषि ने जवाब दिया, 'बेटी, तुम्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। राम तुम्हारी चिंता करेंगे और ध्यान भी रखेंगे।'

शबरी ने 'राम' का नाम सुनने के बाद पूछा, 'वो कौन हैं और उन्हें मैं किस तरह से ढूढूंगी।'

मंतग ऋषि ने बताया, 'राम कोई और नहीं भगवान हैं। वो तुम्हें सारे अच्छे कर्मों का फल देंगे। तुम्हें उन्हें ढूंढने की कोई जरूरत नहीं है। वो एक दिन खुद तुम्हें खोजते हुए इस कुटिया में आएंगे और तुम्हें उनके हाथों ही मोक्ष मिलेगा। तब तक तुम इसी आश्रम में रहो।' इतना कहते ही मंतग ऋषि ने अपना शरीर त्याग दिया।

शबरी के मन में मंतग ऋषि के जाने के बाद से एक ही बात थी कि भगवान राम स्वयं उससे मिलने आएंगे। वो रोज भगवान राम से मिलने के लिए बाग से अच्छे-अच्छे फूल लाकर पूरा आश्रम सजाती और भगवान के लिए बेर तोड़कर लाती। भगवान के लिए बेर चुनते हुए शबरी उन्हें चख लेती थी, ताकि भगवान वो सिर्फ मीठे बेर ही दे।

रोजाना शबरी इसी तरह भगवान के दर्शन की आस में फूल और बेर इकट्ठा करती रहती थी। इसी तरह इंतजार में कई साल बीत गए। शबरी का शरीर एकदम वृद्ध हो गया।

एक दिन आश्रम के पास के ही तलाब में शबरी पानी लेने के लिए गई। तभी पास के ही एक ऋषि ने उसे अछूत कहते हुए वहां से भागने के लिए कहा और एक पत्थर मार दिया। वो पत्थर जब शबरी को लगा, तो उसे चोट लगी और खून बहने लगा।

बहते हुए खून की एक बूंद उसी तलाब के पानी में गिर गई। तभी पूरा तालाब का पानी खून में बदल गया।

ये सब होता देखकर ऋषि ने शबरी को ही डांटा और कहा कि पापीन तुम्हारी वजह से पूरा पानी खराब हो गया। रोज ऋषि उस पानी को साफ करने के लिए अपनी कई तरह की विद्याओं का इस्तेमाल करते। कई सारे जतन करने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। फिर उन्होंने गंगा जैसी कई पवित्र नदियों का जल भी उस तालाब में डाला। फिर भी तालाब का पानी साफ नहीं हो पाया और वो खून जैसा ही रहा।

कई सालों तक तालाब के पानी को साफ करने की कोशिश के बाद भी कुछ काम नहीं आया, तो ऋषि ने थककर सबकुछ छोड़ दिया। इस घटना के कई सालों के बाद भगवान राम अपनी पत्नी सीता के हरण के बाद उन्हें ढूंढते हुए उसी तालाब के पास पहुंचे। ऋषि-मुनियों ने उन्हें पहचान लिया। भगवान को वहां देखकर ऋषियों ने तालाब का पानी साफ करने के लिए भगवान को अपने पैर उसमें डालने के लिए कहा, लेकिन पानी जैसे का तैसा ही था।

ऋषि-मुनियों ने भगवान से भी कई अन्य जतन करवाए, लेकिन वो पानी जस का तस खून जैसा ही रहा। तब भगवान ने ऋषियों से पानी के रक्त में बदलने की कहानी पूछी। तब ऋषि ने शबरी को पत्थर मारने वाली सारी बात बता दी। उसके बाद कहा कि वो महिला ही अपवित्र है, छोटी जात की है, इसलिए ये सब हुआ है।

उसी वक्त भगवान राम ने कहा, 'ये सब आप लोगों के खराब वचनों से हुआ है। शबरी को इस तरह के शब्द बोलकर आप लोगों ने उसे नहीं, बल्कि मेरे दिल को घायल किया है। इसी घायल दिल के रक्त का प्रतीक यह तालाब का लाल पानी है।' आगे भगवान राम बोले, 'कहा हैं वो माईं मैं उनसे मिलना चाहता हूं।' तबतक शबरी उसी तलाब के पास पहुंच जाती हैं। इस दौरान शबरी के पैर को ठोकर लगती है और कुछ घूल उस तालाब में गिर जाती है। तभी सारा पानी साफ हो जाता है।

भगवान सबसे कहते हैं कि देखिए, आप लोगों ने क्या कुछ नहीं किया, लेकिन पानी साफ नहीं हो पाया। अभी सिर्फ इनके पैर की थोड़ी-सी धूल ने ही तलाब का पानी साफ कर दिया। भगवान राम को शबरी पहचान चुकी थीं। उन्हें प्रणाम करके शबरी ने कहा, 'भगवान! आप मेरे साथ कुटिया में चलिए।' भगवान भी खुशी-खुशी शबरी के साथ चल पड़े।

फूलों से शबरी ने भगवान राम का स्वागत किया। वो सीधे बेर तोड़ने के लिए बाग गईं और चख-चखकर उनके लिए बेर लेकर आईं। उन्होंने बड़े ही प्यार से भगवान राम और उनके भाई लक्ष्मण को बेर दिए। भगवान राम ने भी उतने ही प्यार से उन बेर को खाना शुरू किया।

तभी बेर देखकर मुंह बनाते हुए लक्ष्मण ने कहा, 'भैया ये बेर जूठे हैं, इन्हें आप कैसे खा सकते हैं।'

भगवान ने जवाब दिया. 'लक्ष्मण! ये जूठे नहीं, बल्कि बहुत मीठे हैं। शबरी माई हम सबके लिए ये बहुत प्यार से तोड़कर लाई हैं।'

इतना कहकर भगवान राम प्यार से उन बेर को खाने लगे। भगवान ने जाते हुए शबरी माई से कहा, 'आप मुझसे जो चाहे वो मांग सकती हैं।'

शबरी ने उन्हें कहा, 'मतंग ऋषि के कहने पर मैं आजतक सिर्फ आपके दर्शन करने के लिए जी रही थी। अब आप मुझे मोक्ष प्रदान कीजिए। मैं अपना शरीर आपके सामने ही त्यागूंगी।' उसी वक्त शबरी ने अपना शरीर त्याग दिया। भगवान राम ने अपने हाथों से उनका अंतिम संस्कार किया और सीता मां की खोज में आगे बढ़ गए।

इस तरह से ऋषि मतंग की बात सच साबित हुई और शबरी को भगवान राम के दर्शन भी हुए। तभी से भगवान राम को शबरी के राम भी कहा जाने लगा।

### कहानी से सीख

सच्ची श्रद्धा हो, तो भगवान के दर्शन जरूर होते हैं।

## Highlights

1. Head of Russian group Wagner threatens to destroy Russia's military leadership
2. Half of the Russian Army ready to join us: Wagner chief as his forces enter Russia
3. Amazon, Google announce India investment plans after its CEOs meet PM Modi in US
4. Biographies of 50 leaders, including Savarkar's, added to UP Board's syllabus
5. Sundar Pichai meets PM Modi, says 'His vision for Digital India was ahead of his time'

# TCS hit by 'bribe for jobs' scandal; four executives sacked: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Technology major Tata Consultancy Services has been reportedly hit by a 'bribe-for-jobs' scandal after few senior executive responsible for hiring thousands of personnel allegedly received bribes from staffing firms.

In a communication to the TCS chief executive officer and chief operating officer, a whistleblower had alleged that the global head of TCS' resource management group, ES Chakravarthy, accepted commissions from staffing firms for years.

Acting on the complaint, TCS reportedly set up a panel of three executives including chief information security officer Ajit Menon to probe the allegations, HT's sister website Livemint reported.

After weeks of probe, TCS sent Chakravarthi on leave, sacked four executives of the recruitment group and blacklisted three staffing firms. The company is yet to reveal the scale of irregularities. But one of the two executives mentioned above said those involved in the scam allegedly earned at least ₹100 crore via commissions.




The under-fire staffing division head had joined the company in 1997. He used to report to the COO Natarajan Ganapathy Subramaniam and has now been debarred from coming to office. This email ID is still active, the website had learnt.

The resource management group, also known as RMG, is 3,000-staffers strong and places almost 1,400 engineers including new recruits on projects daily. Last year, TCS earned $27.93 billion in revenue and has 6,14,795 employees. Usually, companies like TCS preferably hire employees through referral programmes and staffing firms. These firms hire temporary workers or contractors. It is the first such development in the company since K Krithivasan joined TCS as CEO on June 1. An executive on condition of anonymity said it is not known for how long this alleged scam was going on. The executive said the company hired over three lakh people in the past three years. Even if ten per cent of the recruitment was made via selected staffing firms who gave a commission on each person recruited, then the scale of the scam would be at least ₹100 crore.

# Two Byju's investors confirm board members stepping down

**NEW DEIHI, (Agency).** Two top investors in Byju's confirmed on Friday that their representatives had resigned from the board of the once high-flying Indian startup, which has been battling pressure from lenders amid a steep drop in its valuation.

The resignations of GV Ravishankar of Peak XV Partners, earlier Sequoia Capital India, and Russell Dreisenstock of Prosus could exacerbate troubles at Byju's, which was valued at $22 billion last year.




"We are committed to supporting the company for bringing on board an independent director in order to strengthen business processes and internal control mechanisms," Peak XV Partners said in a statement to Reuters.

The confirmation of resignations comes after sources told Reuters that three Byju's board members, including a representative from Chan Zuckerberg Initiative, had quit recently.

Chan Zuckerberg Initiative did not immediately respond to a request for comment.

News of their departure came on Thursday, the same day Deloitte disclosed it was resigning as the company's auditor because Byju's had delayed financial statements for 2021-22 and not provided documents, even after sending several letters to its board.

## Uttarpradesh

# दूल्हा-दुल्हन समेत घर में सो रहे छह लोगों की हत्या आरोपी ने खुद को गोली मारकर दी जान

**मैनपुरी, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां घर में सो रहे छह लोगों की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्या के बाद आरोपी ने खुद भी आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है।

जानकारी के अनुसार, मैनपुरी के किशनी थाना इलाके का गांव गोकुलपुरा अरसारा में शनिवार की सुबह एक परिवार में पांच लोगों के सामूहिक हत्याकांड से इलाका दहल गया। सूचना मिलने के बाद आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

पता चला की गांव का रहने वाले शिववीर सिंह ने अपने दो भाई, पत्नी, बहनोई, भाई की नवविवाहित पत्नी और दोस्त कि बंके से काटकर हत्या कर दी है। खुद भी गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। तीन घायल लोगों को



अस्पताल भेजा गया। मौके पर कई थानों का फोर्स पहुंची है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

हत्याकांड को क्यों अंजाम दिया गया, इसके कारण की पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, गांव गोकुलपुर अरसारा निवासी सुभाष चंद्र यादव के तीन पुत्र शिववीर, सोनू और भुल्लन थे। शुक्रवार को मझले पुत्र सोनू (20) की बरात इटावा के थाना चौबिया क्षेत्र के गांव गंगापुर से लौट कर आई थी।

घर में नई बहू सोनी (20) के आने से खुशियों का माहौल था। शुक्रवार की देर रात एक बजे तक सभी लोग डीजे बजा कर नाच गा रहे थे। रात में शिववीर ने कोल्ड ड्रिंक में कोई नशे की गोली मिलाकर सभी को पिला दी। सभी के बेहोश होने के बाद शिववीर ने बंके से आंगन में सो रहे भाई भुल्लन (20), बहनोई सौरभ निवासी चांदा हविलिया (26), भाई के दोस्त दीपक (20) फिरोजाबाद की हत्या कर दी।

## Jharkhand

### रेलवे अस्पताल में पत्नी को उतारनी पड़ी चप्पल, भड़के DRM ने गार्ड के कपड़े उतरवाए; जमकर हंगामा

**धनबाद, (एजेंसी) डॉक्टर के चेंबर में प्रवेश से पहले डीआरएम कमल किशोर सिन्हा की पत्नी गरिमा सिन्हा की चप्पल खुलवाना अस्पताल के असिस्टेंट बसंत उपाध्याय को महंगा पड़ गया। डीआरएम ऑफिस में बुलाकर उनकी फजीहत की गई। डीआरएम को पत्नी की चप्पल खुलवाने की बात इतनी नागवार गुजरी की कि उन्होंने बसंत उपाध्याय के कपड़े उतरवाने के आदेश दिए। फिर क्या था। मंडल प्रबंधक के आदेश को सिर आंखों पर रखकर एक टीआई और गार्ड ने बसंत उपाध्याय के कपड़े खुलवा दिए।**

डीआरएम के चेंबर के बाहर गैलरी में सीएमएस डॉ डीएल चौरसिया की मौजूदगी में अफसरशाही का यह नंगा नाच हुआ। डीआरएम और अन्य के कृत से आहत बसंत की तबीयत शुक्रवार को बिगड़ गई। बसंत के अपमान से आक्रोशित सहकर्मियों ने रेलवे अस्पताल में काम ठप कर हड़ताल की घोषणा कर दी। सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक इंडोर और आउटडोर में कामकाज नहीं हुआ। अस्पताल में डीआरएम के खिलाफ नारेबाजी की गई। एडीआरएम आशीष कुमार झा, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार और कार्मिक विभाग के अफसर और कर्मी के साथ सीएमएस ने अस्पतालकर्मियों को समझाया।

## New Delhi

### 20 साल के युवक और उसके भाई को चाकू मारकर किया घायल, आरोपी फरार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के बृजपुरी में चाकूबाजी की घटना सामने आई है जहां एक युवक और उसके भाई को चाकू मारकर घायल कर दिया गया है. मोहम्मद जैद नाम के एक व्यक्ति ने 20 वर्षीय राहुल को चाकू मार दिया. दोनों के बीच किसी छोटी सी बात को लेकर बहस हो गई थी. राहुल का 19 वर्षीय चचेरा भाई सोनू भी इस दौरान घायल हो गया. आरोपी और पीड़ित एक ही इलाके में रहते हैं. पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार है, उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं. पुलिस के मुताबिक, 23 जून को रात लगभग 10 बजे गली नंबर 5, डी ब्लॉक, बृजपुरी में रहने वाला 19 साल का सोनू अपने चचेरे भाई राहुल के साथ डिनर करने के बाद बाहर आइसक्रीम खाने गया. इसी दौरान पास में रहने वाले मोहम्मद जैद की राहुल के साथ एक छोटी सी बात पर कुछ बहस हो गई. मोहम्मद जैद ने राहुल के पेट के निचले हिस्से में चाकू से हमला कर दिया. सोनू के हाथ पर भी चोटें आईं. आरोपी और पीड़ित एक ही गली में रहते हैं.

## Odisha

### विजिलेंस टीम ने सरकारी अधिकारी के घर पर की छापेमारी, तीन करोड़ की नकदी बरामद

**भुवनेश्वर, (एजेंसी) ओडिशा में एक सरकारी अधिकारी के आवासों पर छापेमारी में तीन करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस की सतर्कता शाखा ने ओडिशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस) के अधिकारी प्रशांत कुमार राउत के भुवनेश्वर, नबरंगपुर और अन्य स्थानों पर स्थित आवासों पर छापेमारी की। राउत नबरंगपुर जिले में अतिरिक्त उप जिलाधिकारी के पद पर तैनात हैं।**

अधिकारियों ने बताया कि भुवनेश्वर में कानन विहार स्थित राउत के आवास पर सतर्कता शाखा की टीम पहुंची तो उनकी पत्नी ने नकदी से भरे छह कार्टून पड़ोसी के छत पर फेंक दिए और उसे छिपाने का अनुरोध किया। बाद में सतर्कता की टीम ने पड़ोसी के घर से ये कार्टून बरामद किए और कई मशीनों की सहायता से उसमें रखी नकदी की गिनती की। नबरंगपुर स्थित राउत के आवास से भी 89.5 लाख रुपये नकद और सोने के गहने बरामद किए गए।

अधिकारियों के मुताबिक, यह राज्य में किसी सरकारी अधिकारी के पास से नकदी की दूसरी सबसे बड़ी बरामदगी है। इससे पहले, अप्रैल 2022 में गंजम जिले में लघु सिंचाई प्रभाग में सहायक अभियंता के पद पर तैनात कार्तिकेश्वर राउल के ठिकानों पर छापेमारी में 3.41 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे।

## खेल

# जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में भारत का पहला मैच कनाडा से, पूल-C में टीम इंडिया

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत चिली की राजधानी सैंटियागो में होने वाले एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) जूनियर महिला हॉकी विश्वकप में अपने अभियान की शुरुआत प्रतियोगिता के पहले दिन कनाडा के खिलाफ करेगा। भारतीय टीम को 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाली प्रतियोगिता में बेल्जियम, कनाडा और जर्मनी के साथ पूल सी में रखा गया है।**



गुरुवार की रात को घोषित पूल और कार्यक्रम के अनुसार, भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ करेगा और उसके बाद एक और दो दिसंबर को क्रमशः बेल्जियम तथा जर्मनी के साथ उसका मुकाबला होगा।

इस प्रतिष्ठित आयोजन से पहले रोमांच को बढ़ाने के लिए एफआईएच ने जूनियर महिला विश्व रैंकिंग भी जारी कर दी। इसके अनुसार भारत छठे, जबकि नीदरलैंड शीर्ष स्थान पर है। अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड और अमेरिका क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

इस महीने की शुरुआत में जापान में महिला जूनियर एशिया कप जीतने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास के साथ विश्व कप में उतरेगी और उसका लक्ष्य पहली बार इस टूर्नामेंट को जीतना होगा। भारतीय टीम विश्वकप के पिछले सत्र में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद कांस्य पदक जीतने से चूक गई थी। तीसरे-चौथे स्थान के मैच में टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था।

**इस प्रकार हैं ग्रुप्स**

पूल एः ऑस्ट्रेलिया, चिली, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका

पूल बीः अर्जेंटीना, कोरिया, स्पेन, जिम्बाब्वे

पूल सीः बेल्जियम, कनाडा, जर्मनी, भारत

पूल डीः इंग्लैंड, जापान, न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका


## सिनेमा

### 3 साल बाद भूषण कुमार के साथ हुई सोनू निगम की दोस्ती, कभी सिंगर ने कहा था 'म्यूजिक माफिया'



सोनू निगम और टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार के बीच फिर से दोस्ती हो गई है। करीब 3 साल पहले सोनू निगम ने सोशल मीडिया पर भूषण कुमार पर निशाना साधा था। उस वक्त भूषण कुमार की पत्नी दिव्या खोसला ने उनका जवाब दिया था। अब ऐसा लग रहा है कि दोनों ने पुराने विवाद भुला दिए हैं। सोनू निगम ने अपने करियर के कई हिट गाने टी-सीरीज के साथ गाए हैं। जब सिंगर से भूषण कुमार के साथ फिर से दोस्ती के बारे में सवाल पूछा गया तो उनका कहना था कि इसे मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

सोनू निगम और भूषण कुमार ने इस विवाद को खत्म करने की पहल की। हमारे सहयोगी हिंदुस्तान टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह सुलह पिछले साल 'लाल सिंह चड्ढा' से पहले हुई थी। सूत्र ने कहा, 'आमिर खान लाल सिंह चड्ढा के एक गाने (मैं की करां) के लिए केवल सोनू की आवाज चाहते थे, जिसका म्यूजिक टी-सीरीज के पास था। भूषण कुमार ने दिल बड़ा किया और उन्होंने मिलने और बात करने का फैसला किया। उन्होंने फैसला किया कि जो बीत गया उसे भूल जाएं। साथ ही वह शहजादा के लिए सोनू निगम के साथ काम करने पर सहमत हो गए। शहजादा को भूषण कुमार ने प्रोड्यूस किया और संगीत प्रीतम का थाा। सोनू निगम ने टाइटल ट्रैक गाया था। अब चीजें ठीक हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।